PRINT

हिंदुस्तान (Hindustan)

| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 196800 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 23.09.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 06 | क्रम सं. (Serial No.) 04 |

## दो कार्गो समेत 27 विमानों को खड़ा करने के लिए स्टैंड तैयार

# सीआईएसएफ के जवानों ने एयरपोर्ट की सुरक्षा संभाली

नोएडा एयरपोर्ट

ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट व्यावसायिक उड़ान के लिए लगभग तैयार हैं। यहां दो कार्गो समेत 27 विमानों को एक साथ खड़ा करने के लिए स्टैंड तैयार हो चुके हैं। सोमवार को नवरात्र के पहले दिन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने एयरपोर्ट की सुरक्षा अपने हाथों में ले ली है।

एक अधिकारी ने बताया कि सीआईएसएफ को अब आधिकारिक तौर पर नोएडा एयरपोर्ट की सुरक्षा एजेंसी के रूप में शामिल कर लिया गया है। इसी के साथ नोएडा एयरपोर्ट देश का 70वां हवाई अड्डा बन गया है, जो सीआईएसएफ सुरक्षा कवर के तहत आएगा। पहले चरण में कुल 1047 जवानों की तैनाती होगी, फिलहाल 120 जवानों ने एयरपोर्ट पर सुरक्षा मोर्चा संभाला है। यह जवान एयरपोर्ट की परिधि और प्रवेश पर नियंत्रण, यात्री और सामान की जांच, विमान और उड़ान के दौरान खानपान की सुरक्षा, त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) की तैनाती व स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों से समन्वय बनाते हुए सुरक्षा प्रदान करेंगे।

वहीं, जैसे-जैसे उड़ानों और यात्रियों की संख्या बढ़ेगी, तैनाती भी बढ़ाई जाएगी। सीआईएसएफ के विशेष महानिदेशक प्रवीर रंजन ने कहा कि सीआईएसएफ को इस जिम्मेदारी पर गर्व है। सुरक्षा दल अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित प्रक्रियाएं अपनाकर यात्रियों, क्रू सदस्य और एयरपोर्ट की संपत्तियों की सुरक्षा करेगा।



नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सोमवार को ग्रहण करते केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी। • हिन्दुस्तान

### दस बोर्डिंग ब्रिज लगे

एयरपोर्ट पर 27 विमान पार्किंग स्टैंड होंगे, जिनमें दो विशेष कार्गो स्टैंड शामिल हैं। इसके साथ ही टर्मिनल में 13 बोर्डिंग गेट लगे हैं, जिनमें से दस पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज हैं और तीन बस गेट होंगे, जो यात्रियों की सुगम हैंडलिंग और विमान की तेज वापसी को सुनिश्चित करेंगे।

### 30 अक्तूबर को शुभारंभ

नोएडा एयरपोर्ट का शुभारंभ 30 अक्तूबर को होगा। इसकी घोषणा केंद्रीय विमानन मंत्री कर चुके हैं। वहीं शुभारंभ के 45 दिनों के अंदर व्यावसायिक विमानों की उड़ान शुरू हो जाएगी। एयरपोर्ट पर पहले चरण में 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

> सीआईएसएफ का शामिल होना एयरपोर्ट से उड़ान शुरू होने में महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी का लक्ष्य है कि सभी यात्रियों को सुरक्षित, सहज और विश्व-स्तरीय अनुभव मिले। इसको लेकर तेजी से काम पूरे किए जा रहे हैं।
>
> -किरण जैन, सीओओ यापल